**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2023 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-5 का उत्तर।**

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 5 (क) | क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि उ0प्र0 में बड़ी संख्या में भूमिहीन लोग निवास करते हैं ? | जी हॉ। |
| (ख) | यदि हॉ, तो भूमिहीन परिवारों के जीविकोपार्जन हेतु सरकारी भूमि का आवंटन करायेंगे ? | भूमिहीन परिवारों के जीविकोपार्जन हेतु विभिन्न प्रयोजनों यथा कृषि, मत्स्य एवं कुम्हारी कला कार्य हेतु भूमि आवंटन किया जाता है। उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 की धारा- 125 एवं 126 द्वारा कृषि भूमि, धारा-61 तथा उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता नियमावली, 2016 यथासंशोधित के नियम-57 एवं 58 द्वारा मत्स्य पालन हेतु तालाब आवंटित किया जाता है। शासनादेश संख्या-4317/एक-2-93-रा0-2, दिनांक 23-12-1993 द्वारा कुम्हारी कला के प्रोत्साहन हेतु भूमि उपलब्ध कराये जाने की भी व्यवस्था दी गयी है। |
| (ग) | यदि हॉ, तो कब तक ? | आवंटन एक सतत प्रक्रिया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में कृषि भूमि आवंटन के वार्षिक लक्ष्य 460 हे0 के सापेक्ष माह अक्टूबर, 2023 तक 1953 आवंटियों को कुल 607.082 हे0 भूमि का आवंटन किया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में मत्स्य पालन हेतु भूमि आवंटन के वार्षिक लक्ष्य 2600 हे0 के सापेक्ष 3846 आवंटियों को 3369 हे0 भूमि आवंटित की गयी है। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुम्हारी कला के प्रोत्साहन हेतु भूमि आवंटन के वार्षिक लक्ष्य 1350 स्थल के सापेक्ष माह अक्टूबर, 2023 तक 1827 आवंटियों को कुल 1358 स्थल भूमि आवंटित की गयी है। |
| (घ) | यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री।